संसद भवन के आस-पास काम करने वाले सफाई कर्मचारी

3378. **श्री राम नरेश कुशवाहा :** क्या **शहरी विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि संसद भवन के बाहर सफाई करने के लिए कर्मचारियों की नियुक्ति ठेकेदारों के द्वारा की जा रही है ;

(ख) क्या यह भी सच है कि पहले संसद भवन के बाहर सफाई का काम केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग के स्थायी कर्मचारियों द्वारा किया जाता था ;

(ग) यदि हां, तो केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग के स्थायी कर्मचारियों के स्थान पर इस सफाई के कार्य को ठेकेदारों द्वारा नियुक्त कर्मचारियों द्वारा कराए जाने के क्या कारण है; और

(घ) सफाई कार्य में लगे सफाई कर्मचारियों के ठेकेदारों को अब तक कितनी राशि का भुगतान किया जा चुका है ?

शहरी विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री दलबीर सिंह): (क) संसद भवन के बाहर सफाई कार्य ठेकेदारों के माध्यम से कराया जा रहा है।

(ख) इससे पहले यह कार्य केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग द्वारा लगाये गए नैमित्तिक श्रमिकों द्वारा कराया जा रहा था।

(ग) प्रशासनिक कारणों से यह कार्य ठेकेदारों को सौंपा गया है।

(घ) 1-4-86 से 31-10-86 तक की अवधि के लिए सफाई कार्य हेतु अब तक ठेकेदारों को 29,400 रुपये की राशि का भुगतान किया गया है ।

काली बाड़ी क्षेत्र के ब्लाकों में पानी की सप्लाई

3379. **श्री सूरज प्रसाद :** क्या **शहरी विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि नई दिल्ली में काली बाड़ी क्षेत्र के जे०, एम० और के० ब्लाकों में पानी की सप्लाई बन्द रहती है जबकि एच-12 ब्लाक में सुबह 7 बजे से रात 10 बजे तक पानी की नियमित सप्लाई रहती है ;

(ख) क्या सरकार उपरोक्त सभी ब्लाकों में एक समान समय तक पानी की सप्लाई किये जाने की कोई व्यवस्था करने का विचार रखती है ; और

(ग) यदि नहीं, तो उसके क्या कारण है ?

शहरी विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री दलबीर सिंह) : (क) से (ग) सूचना एकत्र की जा रही है तथा सभापटल पर रख दी जाएगी ।

Irregularities in awarding contract by NCCF

3380. SHRI VIRENDRA VERMA: Will the Minister of FOOD AND CIVIL SUPPLIES be pleased to state:

(a) whether it is a fact that some time back contract for lifting and selling of about 2550 mts. of dry dates (chip chaps) worth Rs. 4 crore imported from Iraq during 1984-85 was awarded by the Managing Director, NCCF Limited at a throw-away price to a relatively unknown and inexperienced party viz. M/s. Vinod Kumar Ved Parkash Aggarwal of Gadodia Market, Khari Bauli, Delhi without verifying its financial status and ignoring the established procedure of tender system;

(b) whether it is also a fact that despite various slippages and defaults in lifting of the goods within the stipulated time schedule committed